Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

**पत्रांक 2045 / W-19 / 487 दिनांक 25.08.2026**

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः— दैनिक समाचार पत्र खबर लहरिया में दिनांक 24.08.2026 को प्रकाशित खबर ''प्रयागराज के लखनपुर में 08 साल से सूखी है पानी की टंकी, घरों में नल पर पानी का बूंद भी नहीं'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र खबर लहरिया मे दिनांक 24.08.2026 को प्रकाशित खबर ''बारा में पेयजल के लिए भटक रहीं पांच हजार की आबादी'' शीर्षक में तहसील बारा के विकास खण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत लखनपुर में जलापूर्ति हेतु खबर प्रकाशित की गयी है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड जसरा में लखनपुर पेयजल योजना का निर्माण वर्ष 2018—19 में कराया गया था। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय, 03 नग नलकूप, वितरण प्रणाली 11.86 किमी, पम्प हाउस, हाउस कनेक्शन एवं तत्सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति की जा रही थी, परन्तु उक्त क्षेत्र पहाड़ी एवं पथरीली होने से योजना में अधिष्ठापित नलकूपों का श्राव कम हो जाता है, जिस कारण योजना से जलापूर्ति बाधित है। उक्त क्षेत्र में जल जीवन मिशन फेज—4 कार्यक्रम के अन्तर्गत यमुना सतही पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। जिसमें तहसील बारा के 02 विकास खण्डों (जसरा एवं शंकरगढ) के 276 राजस्व ग्रामों में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा अनुबंधित फर्म मेसर्स विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लि०. जोधपुर द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 276 राजस्व ग्राम को 74 जोन में विभाजित किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक नग Intake well (55 MLD)–81%, एक नग WTP (44 MLD)– 80%, तथा वितरण प्रणाली 2329.00 किमी० के सापेक्ष 2124.00 किमी०. तथा शिरोपरि जलाशय 74 नग के सापेक्ष 35 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, योजना की औसत प्रगति 75 प्रतिशत है। योजना के अवशेष कार्यों को दिसम्बर—2027 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। योजना का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त लखनपुर पेयजल योजना के नलकूपों को राईजिंग मेन से जोडा जाना प्रस्तावित है, तदोपरान्त उक्त ग्राम में जलापूर्ति किया जाना सम्भव हो सकेगा।

उक्त योजना सहित जनपद प्रयागराज में पूर्व निर्मित 234 नग पेयजल योजनाओं 568 राजस्व ग्रामों के संचालन एवं अनुरक्षण कार्य हेतु प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु नवीन नीति के अनुसार उक्त योजना का संचालन एवं अनुरक्षण उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण) के अधीन मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0, अहमदाबाद, गुजरात के माध्यम से कराया जा रहा है। फर्म द्वारा वर्तमान में संचालित एंव बंद सभी योजनाओं को पूर्ण क्षमता से क्रियाशील बनाए जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त संस्था को योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु 10 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंधित किया गया है।

अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक—उपरोक्तानुसार।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त—

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
4— जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज ।
5— मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
6— अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
7— जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

**अधिशासी अभियन्ता**